भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1943

दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

झारखंड में पासपोर्ट मेला और पासपोर्ट सेवा शिविर

1943. **श्री दुलू महतोः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की पासपोर्ट जारी करने में तेजी लाने और सामयिक मांग को पूरा करने के लिए झारखंड में पासपोर्ट मेले और पासपोर्ट सेवा शिविर आयोजित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए जिला-वार योजना और कार्यक्रम सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में पासपोर्ट मेलों और पासपोर्ट सेवा शिविरों के लिए आवंटित धनराशि का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (घ) विदेश मंत्रालय पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर सप्ताहांत या छुट्टियों के दौरान विशेष अभियान आयोजित करने सहित विभिन्न कदम उठाकर अपॉइंटमेंट चक्र की उपलब्धता में सुधार करने के लिए लगातार काम कर रहा है। पीओपीएसके जमशेदपुर, जहां अपॉइंटमेंट चक्र लगभग 5 दिन का है, के अलावा झारखंड में सभी पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) पर अगले दिन अपॉइंटमेंट उपलब्ध है। तथापि, पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा के लिए मंत्रालय ने विशेष रूप से जमशेदपुर के लिए एक मोबाइल वैन तैनात की है जिसके लिए प्रतिदिन 40 अपॉइंटमेंट जारी किए जा रहे हैं।

मांग में वृद्धि के कारण, मंत्रालय पासपोर्ट जारी करने में तेजी लाने और पासपोर्ट की उच्च या समय विशिष्ट मांग को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहा है, जिसमें दैनिक अपॉइंटमेंट की संख्या में वृद्धि और सप्ताहांत पर विशेष अभियान आयोजित करना शामिल है। विशेष अभियान के तहत लंबित मामलों को निपटाने के लिए मंत्रालय और अन्य पासपोर्ट कार्यालयों के कर्मचारियों को भी तैनात किया जा रहा है।

विशेष अभियान के आयोजन पर होने वाले व्यय, यदि कोई हो, को मंत्रालय के बजटीय अनुदान से पूरा किया जाता है।

*****